प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 14.06.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल लखनऊ में आरक्षी नागरिक पुलिस के चयनित अभ्यर्थियों को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र।
2. लखनऊ के रहने वाले अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन ले जाने
3. वाले एक्जिओम–4 मिशन की तकनीकी खामियां दूर : 19 जून को होगा लांच।
4. सरकार ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना की जांच के लिए उच्च स्तरीय बहुपक्षीय समिति गठित की : हादसे में मृतकों की संख्या हुई 254।
5. पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा कल से होगी शुरू : प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को करेंगे रवाना। और
6. हीट वेव के कारण प्रदेश में बेसिक शिक्षा परिषद ने कक्षा 8 तक के स्कूल 30 जून तक किए बंद।

———————

उत्तर प्रदश पुलिस में कांस्टेबल के 60 हजार 244 पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को कल लखनऊ के डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में आयोजित समारोह में नियुक्ति पत्र प्रदान किये जायेंगे। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर केन्द्रीय

गृह मंत्री अमित शाह के अलावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। समारोह में आयोजित तैयारियां अपने अंतिम चरण में है। राज्य के पुलिस प्रमुख राजीव कृष्ण  ने आज कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने के बाद मीडिया को बताया। बाइट....

*कल यहाँ पर जो 60,244 कॉस्टेबल भर्ती हुए हैं यूपी पुलिस में, उनका नियुक्ति पत्र का वितरण समारोह है। यह एक बड़े स्केल का कार्यक्रम है, जिसमें प्रदेश के सभी कोनों से, सभी जिलों से जो 60,244 कॉस्टेबल रिक्रूट हुए हैं, वो यहाँ पर आएंगे। उनके लिए एक व्यापक व्यवस्था की गई है। उनके गृह जनपद से लेकर के यहाँ तक लाने की जो डिस्टेंट जनपद हैं,  दूर जनपद हैं,  उनमें बीच में एक इण्टरमीडियट जनपद की व्यवस्था की गई, जहां पर वो रुकेंगे रात में और सबेरे यहां पहुचेंगे। कल उनको नियुक्ति पत्र वितरण किया जाएगा और उसके बाद उनकी ट्रेनिंग प्रारम्भ होगी और वो यूपी पुलिस का एक अभिन्न हिस्सा बनेंगे।*

यूपी पुलिस भर्ती बोर्ड ने मार्च महीने में पुलिस आरक्षी के इन पदों का परिणाम घोषित किया था। परीक्षा पास करने वालों में 12 हजार 48 महिला अभ्यर्थी भी शामिल है।

नियुक्ति पत्र वितरण समारोह क मद्देनजर यातायात निदेशालय ने लखनऊ, कानपुर समेत दस जिलां में यातायात रूट डायवर्ट कर दिया है। लखनऊ में भारी वाहनों पर प्रतिबंध रहेगा।

———————

लखनऊ के रहने वाले और भारतीय वायुसेना में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन ले जाने वाला एक्जिओम–4 मिशन आगामी 19 जून को लांच हो रहा है। केंद्रीय विज्ञान एवं तकनीकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र

सिंह ने सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी है। इस दौरान स्पेस एक्स टीम ने पुष्टि की है कि लांच को पहले स्थगित करने वाले सभी तकनीकी मुद्दों का उचित समाधान कर लिया गया है।

अंतरिक्ष यात्री शुभांशु ने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा गृहनगर लखनऊ में हासिल की। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से अपनी पढ़ाई पूरी की।

---

केन्द्र सरकार ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए उच्चस्तरीय बहुपक्षीय समिति गठित की है। नागर विमानन मंत्रालय ने कहा कि यह समिति वर्तमान मानक संचालन प्रक्रिया और ऐसी घटनाओं को रोकने तथा निपटने के लिए जारी दिशा–निर्देश की जांच करेगी। समिति, भविष्य में ऐसे हादसों से निपटने के लिए व्यापक दिशा–निर्देश का सुझाव भी देगी। सरकार ने कहा है कि यह समिति विभिन्न संस्थाओं द्वारा की जा रही जांच से अलग होगी और ऐसी घटनाओं से निपटने लिए मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने पर ध्यान देगी।

नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने नई दिल्ली में एक प्रेसवार्ता में कहा कि नागर विमानन मंत्रालय इस हादसे की हर पहलू से जांच कर रहा है।

विमान दुर्घटना में 241 यात्रियों और मेडिकल छात्रों सहित 254 लोगों की मौत हुई है।

—————————

प्रदेश में आगामी 21 जून को 11वें अतंर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की तैयारियों का सिलसिला जारी है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने आज सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया और जरूरी दिशा निर्देश दिये। श्री सिंह ने कहा कि योग दिवस के सफल आयोजन के क्रम में 15 जून से 21 जून तक योग सप्ताह मनाया जायेगा और सभी जिला मुख्यालयों, तहसीलों और ग्राम पंचायतों में योग सप्ताह का शुभारम्भ समारोह पूर्वक किया जायेगा। इस क्रम में जिला स्तर पर प्रशासन और स्वैच्छिक संस्थाएं योग के प्रति जागरूकता और उसके फायदों के बारे में भी कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। वाराणसी में योग दिवस की शुरूआत कल नमो घाट से होगी। गंगा घाटों के अलावा स्वास्थ्य केन्द्रों, सार्वजनिक पार्कों, ब्लाको और गांवों में योग प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। बाराबंकी में योग दिवस के उपलक्ष्य में केएनएस इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइसेंज में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधान परिषद सदस्य हरि गोविंद सिंह ने कहा कि योग जीवन दिशा

बदलने का माध्यम है और इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाना चाहिये।

—————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी ने कहा है कि देश में आगामी महीनों के लिए पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध है। ईंधन आपूर्ति के बारे में दी गई यह जानकारी इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि ईरान के इस्राइल पर हमले क बाद अंतराष्ट्रीय तेल कीमतों में काफी वृद्धि हुई। श्री पुरी ने कहा कि भारत सालाना एक सौ पचास अरब अमरीकी डॉलर का तेल आयात करता है और इस आयात से भारत के कच्चे तेल की लगभग अस्सी प्रतिशत जरूरत पूरी होती है।

—————————

पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा पांच वर्षों के अंतराल के बाद पुनः शुरू हो रही है। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति

मंत्री जयवीर सिंह कल तीर्थ यात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। पेश है एक रिपोर्ट.....

*यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश सरकार के धर्मार्थ कार्य विभाग द्वारा गाजियाबाद जनपद के इंदिरापुरम में विभिन्न सुविधाओं से युक्त कैलाश मानसरोवर यात्रा भवन का निर्माण कराया गया है। पूरी तरह वातानुकूलित भवन में एक समय में 288 व्यक्तियों के ठहरने की सुविधा उपलब्ध है। कैलाश मानसरोवर यात्रा के दौरान लिपुलेख, उत्तराखंड एवं नाथू ला. सिक्किम के मार्ग से यात्रियों के 15 जत्थे कैलाश मानसरोवर पहुंचेंगे। प्रत्येक जत्थे में 50 यात्री शामिल होंगे। पर्यटन मंत्री ने कहा, धर्मार्थ कार्य विभाग की ओर से कैलाश मानसरोवर तीर्थयात्रियों के लिए पुख्ता प्रबंध किये गए हैं। कैलाश मानसरोवर यात्रा जून से शुरू होकर 25 अगस्त तक चलेगी।*

*आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेंद्र त्रिपाठी।*

---

बाराबंकी जिले के डलईपुरवा की रहने वाली होनहार छात्रा पूजा पाल विज्ञान कांग्रेस में भाग लेने के लिये आज जापान के लिये रवाना हो गईं है। सुश्री पाल ने विज्ञान मं अपनी रूचि और प्रतिभा के बल पर धूल रहित थ्रेशर का मॉडल तैयार किया है। एक रिपोर्ट......

*भारत सरकार की साकुरा योजना में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित छात्रा पूजा जापान के लिए रवाना बाराबंकी के डलाई पूरवा में रहनी वाली और फतेह चंद्र इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा पूजा पाल ने क्लास 8 इंस्पायर योजना के तहत धूल रहित थ्रेसर का मॉडल तैयार किया था . जिससे उसका चयन पहले ज़िला, मंडल और फिर राष्ट्रीय स्तर पर हुआ. अब साकुरा कार्यक्रम के अंतर्गत पूजा का चयन विज्ञान कार्यक्रम के लिए हुआ और वो आज जापान के लिए बाराबंकी से रवाना हुई. आकाशवाणी से बातचीत करते हुए पूजा पाल ने बताया......*

*पापा मजदूरी करते हैं, मम्मी सरकारी स्क्लमें रसोइया हैं तो इसलिए हमारे यहांतक पहुंचने के लिए हमारी मैम पूनम शुक्ला हैं और डीआईओएस सर हैं, राजेश श्रीवास्तव सर और हमारे कई टीचरहैं। सबकी वजह से आज हमयहां तक पहुंच पाए हैं, कभी सर सोचा नहीं थाकि हम यहां तक पहुंच पाएंगे। परवेज अहमद, आकाशवाणी समाचार, बाराबंकी।*

———————

हीट वेव के कारण राज्य के परिषदीय विद्यालयों में तीस जून तक अवकाश रहेगा और पहली जुलाई से पठन–पाठन का काम शुरू होगा। इस संबंध में बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेंद्र कुमार तिवारी ने आदेश जारी किया है। इससे पहले परिषदीय स्कूलों में 20 मई से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन छुट्टियां घोषित की गई थीं।

———————

मौसम विज्ञान विभाग ने सत्रह जून से बीस जून तक प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने और वर्षा होने का अनुमान व्यक्त किया है। विभाग के मुताबिक उन्नीस और बीस जून को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी यही स्थिति रहेगी। विभाग क पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में आज से ही कहीं कहीं वर्षा की संभावना बनी हुई है। विभाग ने आगामी पांच दिनों में अधिकतम तापमान में पांच से सात डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान में चार से छह डिग्री सेल्सियस गिरावट की संभावना भी जताई है।

———————

मेडिकल में प्रवेश के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट यूजी 2025 के परिणाम आज घोषित कर दिये गये हैं। नतीजे स्कोर कार्ड परीक्षा की आधिकारिक वेबसाइट– ntaneet.nic.in पर उपलब्ध हैं। उम्मीदवार अपने स्कोर कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं और आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से मेरिट सूची देख सकते हैं।

————————

अयोध्या में राम दरबार के दर्शन के लिये आज से व्यवस्था शुरु कर दी गई है। श्रद्धालुओं को राम दरबार के दर्शन के लिए हर 2 घंटे पर 300 पास जारी किए जाएंगे। वहीं पूरे दिन में 1800 भक्त राम दरबार का दर्शन कर सकेंगे। राम मंदिर तीर्थ ट्रस्ट के सदस्य डॉ0 अनिल मिश्रा ने बताया कि ऑनलाइन पास की सुविधा बाद में शुरु की जाएगी।

————————

सुरुचि सिंह ने जर्मनी में निशानेबाजी विश्वकप के महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में स्वर्ण पदक जीता। सुरुचि ने कल एक रोमांचक फाइनल में विश्वकप में अपना तीसरा स्वर्ण पदक जीता। इस प्रतियोगिता में भारत का ये पहला स्वर्ण पदक है।

(समाप्त)